**Subject Code:** 7210/TFU-HIN/GLE-II

**Question Booklet No.** 590148

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष की मोहर
Seal of Superintendent of Examination Centre

C.G. SET- 2017
Paper -II
Hindi

परीक्षार्थी द्वारा बॉल-प्वाइण्ट पेन से भरा जाए
To be filled in by Candidate by Ball-Point pen only

उत्तर-शीट का क्रमांक
Sl. No. of Answer-Sheet

अनुक्रमांक
Roll No.

**घोषणा : मैंने नीचे दिये गये निर्देश अच्छी तरह पढ़कर समझ लिए हैं।**
**Declaration : I have read and understood the instructions given below**

वीक्षक के हस्ताक्षर
(Signature of Invigilator)..........................................

वीक्षक के नाम
(Name of Invigilator) ..........................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
(Signature of Candidate)..........................................

अभ्यर्थी का नाम
(Name of Candidate) ..........................................

**Paper : II** **Subject : HINDI** **Time : 1 Hour 15 Minutes** **Maximum Marks : 10**

**इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या**
**Number of Pages in this Question Booklet** } **16**

**इस प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या**
**Number of Questions in this Question Booklet** } **50**

## INSTRUCTION TO CANDIDATES

1. Immediately after getting the Booklet read instructions carefully, mentioned on the front and back page of the Question Booklet and do not open the seal given on the right hand side, unless asked by the invigilator. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet. As soon as you are instructed to open the booklet in the first 5 minutes you should compulsorily tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately within 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
2. Write your Roll No., Answer-Sheet No., in the specified places given above and put your signature.
3. Make all entries in the OMR Answer-Sheet as per the given instructions, otherwise Answer-Sheet will not be evaluated.
4. For each question in the Question Booklet choose only one correct/most appropriate answer, out of four options given and darken the circle provided against that option in the OMR Answer-Sheet, bearing the same serial number of the question. Darken the circle with **Black or Blue ball-point pen** only.
5. Darken the circle of chosen option fully, otherwise answers will not be evaluated.

   **Example :** (A) ● (C) (D) **If (B) is correct answer.**

6. There are 50 objective type questions in this Booklet. All questions are compulsory and carry 2 marks each.
7. Do not write anything anywhere in the Question Booklet or on the Answer-Sheet except making entries in the specified places. Rough work is to be done in the space provided in this booklet.
8. When the examination is over, original OMR Answer Sheet is to be handed over to the invigilator before leaving the examination hall, while the Question Booklet and carbon copy of the Answer-Sheet can be retained by the candidate.
9. There is no negative marks for incorrect answer.
10. Use of any calculator/log table/mobile phone is prohibited.

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका मिलते ही मुख पृष्ठ एवं अंतिम पृष्ठ में दिए गए निर्देशों अच्छी तरह पढ़ लें। दाहिनी ओर लगी सील को वीक्षक के कहने से पू खोलें। स्टीकर सील के बगैर प्रश्न पुस्तिका या खुले हुये प्रश्न पुस्तिका स्वीकार न करें। प्रश्न पुस्तिका को खोलने के लिए जैसा ही कहा जा प्रथम 5 मिनिट में अनिवार्यतः मुख पृष्ठ पर अंकित पृष्ठों की संख्या एवं प्र की संख्या को पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या एवं प्रश्नों की संख्या से मि कर लेवें। पृष्ठों/प्रश्नों का छूटना या पुनः मुद्रित हो जाना या क्रम में रहना या अन्य किसी विरोधाभास के कारण प्राप्त त्रुटिपूर्ण प्रश्न पुस्तिका इन्हीं 5 मिनिट के अंदर बदलवा लेवें। इसके पश्चात न ही प्रश्न पुस्ति बदला जा सकता है और न ही कोई अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
2. ऊपर दिए हुए निर्धारित स्थानों में अपना अनुक्रमांक, उत्तर-पुस्तिका क्रमांक लिखें तथा अपने हस्ताक्षर करें।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में समस्त प्रविष्टियां दिये गये निर्देशानुसार अन्यथा उत्तर-शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
4. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही/सबसे उपयुक्त केवल एक ही विकल्प का चयन ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में उसी विकल्प वाले गोले को, जो उस प्रश्न सरल क्रमांक से सम्बंधित हो, **काले या नीले बॉल-प्वाइण्ट पेन से भ**
5. सही उत्तर वाले गोले को अच्छी तरह से भरें, अन्यथा उत्तरों का मूल्यां नहीं होगा।

   **उदाहरण :** (A) ● (C) (D) **यदि (B) उत्तर सही है।**

6. प्रश्न-पुस्तिका में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।
7. प्रश्न-पुस्तिका तथा उत्तर-शीट में निर्दिष्ट स्थानों पर प्रविष्टियां भरने के अति कहीं भी कुछ न लिखें। रफ कार्य, इस पुस्तिका में उपलब्ध स्थान पर
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त तथा कक्ष छोड़ने के पूर्व मूल ओ.एम. उत्तर-शीट वीक्षक को सौंपा जाए। प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर-शीट कार्बन कॉपी परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं।
9. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
10. किसी भी तरह के कैलकुलेटर/लॉग टेबल/मोबाइल फोन का प्रयोग व है।



SEAL

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

1. इनमें से कौन सी बोली बिहारी हिन्दी की **नहीं** है ?
   (A) भोजपुरी
   (B) मारवाड़ी
   (C) मैथिली
   (D) मगही

2. अपभ्रंश के भाषिक और व्याकरणिक रूप का विवेचन किसने किया ?
   (A) भोज
   (B) दामोदर
   (C) रामचन्द्र शुक्ल
   (D) हेमचन्द

3. निम्नलिखित उपभाषाओं को उनकी बोलियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | पश्चिमी हिन्दी | (i) | अवधि |
| (b) | पूर्वी हिन्दी | (ii) | खड़ीबोली |
| (c) | राजस्थानी | (iii) | गढ़वाली |
| (d) | पहाड़ी | (iv) | मारवाड़ी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

4. 'ढूँढाड़ी' किस बोली का दूसरा नाम है ?
   (A) जयपुरी
   (B) मारवाड़ी
   (C) मालवी
   (D) ब्रज

5. 'ठ' और 'ढ' ध्वनियों का उच्चारण स्थान हैं :
   (A) मूर्धन्य
   (B) दन्त्य
   (C) तालव्य
   (D) वत्स्य

6. निम्नलिखित में से सघोष ध्वनियाँ कौन-सी हैं ?
   (A) क, ख, च
   (B) त, थ, प
   (C) ज, झ, ञ
   (D) ट, ठ, छ

7. भक्तिकालीन साहित्य में हिन्दी की किन बोलियों अधिकाधिक प्रयोग हुआ है ?
   (A) बघेली और बुंदेली
   (B) ब्रज और अवधी
   (C) मैथिली और खड़ीबोली
   (D) छत्तीसगढ़ी और अवधी

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

8. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली बिहारी हिन्दी की **नहीं** है ?

(A) मैथिली

(B) मगही

(C) गढ़वाली

(D) भोजपुरी

9. भाषा के घटक आरोही क्रम में पहचानिए :

(A) वर्ण, शब्द, पद, वाक्य

(B) वर्ण, ध्वनि, वाक्य, पद

(C) पद, वर्ण, वाक्य, ध्वनि

(D) स्वर, व्यंजन, रूप, वर्ण

10. अशोक के शिलालेखों पर किस लिपि का उल्लेख मिलता है ?

(A) चित्र लिपि

(B) ब्राह्मी लिपि

(C) सामी लिपि

(D) महाजनी लिपि

11. संचार माध्यमों में प्रयोग होता है :

(A) हिन्दी का कार्यालयी रूप

(B) हिन्दी का साहित्यिक रूप

(C) हिन्दी का विशुद्ध रूप

(D) हिन्दी का व्यावहारिक रूप

12. असंगत कथन पहचानिए :

(A) मगही – बिहारी हिन्दी वर्ग की बोली है।

(B) मालवी – राजस्थानी हिन्दी वर्ग की बोली है।

(C) बघेली – पूर्वी हिन्दी वर्ग की बोली है।

(D) कुमायुनी – पश्चिमी हिन्दी वर्ग की बोली है।

13. भारतीय आर्यभाषाओं का वर्गीकरण करनेवाले विद्वानों का कालानुसार **सही** क्रम है :

(A) हार्नले, ग्रियर्सन, सुनीतिकुमार चटर्जी, धीरेंद्र वर्मा

(B) धीरेंद्र वर्मा, हार्नले, ग्रियर्सन, सुनीतिकुमार चटर्जी

(C) ग्रियर्सन, हार्नले, धीरेंद्र वर्मा, सुनीतिकुमार चटर्जी

(D) सुनीतिकुमार चटर्जी, ग्रियर्सन, हार्नले, धीरेंद्र वर्मा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

14. इन कवियों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | पृथ्वीराज रासो | (i) | सुमति गुणि |
| (b) | बीसलदेव रासो | (ii) | शालिभद्र शूरी |
| (c) | भरतेश्वर बाहुबलि रास | (iii) | चंदबरदायी |
| (d) | नेगिनाथ रास | (iv) | नरपति नाल्ह |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

15. **सही** कालक्रम बताइए :

(A) कबीर, नानक, लालदास, मलूक दास

(B) नानक, कबीर, मलूक दास, लालदास

(C) कबीर, मलूक दास, लालदास, नानक

(D) मलूक दास, कबीर, लालदास, नानक

16. इनमें से कौन सा निबन्ध संग्रह जैनेन्द्र कुमार का **नहीं** है?

(A) प्रस्तुत प्रश्न

(B) जड़ की बात

(C) साहित्य संदर्भ

(D) सोच विचार

17. निम्नलिखित पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक वाणी में महाकाव्य पीड़ा है | (i) | शमशेर बहादुर सिंह |
| (b) | उड़ गयी चिड़िया/ काँपी फिर/थिर/ हो गयी पत्ती | (ii) | भवानी प्रसाद मिश्र |
| (c) | पढ़ा था मैंने कहीं/ पाप का फल है गेहूँ/किरनों का फल है/फूल | (iii) | मुक्तिबोध |
| (d) | तबियत जैसी बन जाती है/फिर बनती ही जाती है/जो तन जाती है आपस में/ तो तनती ही जाती है | (iv) | अज्ञेय |
| | | (v) | त्रिलोचन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (v) | (iii) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

18. अज्ञेय के सम्पादन में कितने सप्तकों का प्रकाशन हुआ था ?

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 6

19. "रचना की महानता से ही आलोचना महान होती है। यह छायावादी रचना का वैभव ही था जिसने हिन्दी में आलोचना के मान को ऊँचा उठा दिया; अन्यथा द्विवेदी-युग में समालोचना का मान क्या था ?" छायावाद के संदर्भ में यह किसकी उक्ति है ?

(A) नामवर सिंह

(B) नंददुलारे बाजपेयी

(C) इन्द्रनाथ मदान

(D) रामविलास शर्मा

20. निम्नलिखित रचनाकारों के साथ उनकी रचनाओं को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मंझन | (i) | चंदायन |
| (b) | कुतुबन | (ii) | हंसावली |
| (c) | मुल्ला दाऊद | (iii) | मधुमालती |
| (d) | असाइत | (iv) | मृगावती |
| | | (v) | अखरावट |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

21. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | बीसलदेव रासो | (i) | भट्ट केदार |
| (b) | पृथ्वीराज रासो | (ii) | नरपति नाल्ह |
| (c) | जयचंद्र प्रकाश | (iii) | शारंगधर कवि |
| (d) | हम्मीर रासो | (iv) | चंदबरदाई |
| | | (v) | नल्लसिंह |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (v) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

22. प्रकाशन काल की दृष्टि से निराला की रचनाओं का **सही** अनुक्रम है :

(A) अनामिका, गीतिका, तुलसीदास, परिमल

(B) परिमल, अनामिका, तुलसीदास, गीतिका

(C) अनामिका, परिमल, गीतिका, तुलसीदास

(D) परिमल, गीतिका, अनामिका, तुलसीदास

23. निम्नांकित में पद्माकर की रचना है :

(A) रसिकप्रिया

(B) सुधानिधि

(C) श्रृंगार निर्णय

(D) गंगालहरी

24. निम्नांकित में गोस्वामी तुलसीदास की रचनाएँ कौन–कौन सी है ? दिए गए विकल्पों में **सही** विकल्प का चयन कीजिए :

(a) दोहावली (b) कृष्ण गीतावली

(c) पार्वती मंगल (d) भक्तमाल

**कूट :**

(A) (a), (c), (d)

(B) (b), (c), (d)

(C) (a), (b), (c)

(D) इनमें से कोई नहीं

25. जीवन सागर में पावन,

बड़वानल की ज्वाला सी।

यह सारा कलुष जलाकर

तुम जलो अनल बाला सी॥ – ये पंक्तियाँ किस कवि की है ?

(A) निराला

(B) महादेवी

(C) प्रसाद

(D) पंत

26. **स्थापना (Assertion) (A) :**

सृजन प्रक्रिया अचेतन मन का व्यापार है और रचनाकार साहित्य के रूप में अपने मन को तुष्टि प्रदान करता है।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि चेतन मन अचेतन मन पर हावी रहता है।

**कूट :**

(A) **(A)** गलत **(R)** सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(A)** गलत **(R)** गलत

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

27. निम्नलिखित संस्मरणात्मक रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रामा | (i) | दूधनाथ सिंह |
| (b) | लौट आओ घर | (ii) | विद्यानिवास मिश्र |
| (c) | चिड़िया रैन बसेरा | (iii) | महादेवी वर्मा |
| (d) | मेरे सुहृद श्रद्धेय | (iv) | विवेकी राय |
| | | (v) | कृष्णा सोबती |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |

28. निम्नलिखित यात्रावृत्त संबंधी रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | यात्रा के चन्ने | (i) | सत्यदेव परिव्राजक |
| (b) | यात्री मित्र | (ii) | यशपाल |
| (c) | पृथ्वी परिक्रमा | (iii) | सेठ गोविंद दास |
| (d) | राह बीती | (iv) | राहुल सांस्कृत्यायन |
| | | (v) | निर्मल वर्मा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (v) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

**29.** निम्नलिखित आलोचना ग्रंथों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | आलोचनादर्श | (i) | डॉ. रामकुमार वर्मा |
| (b) | साहित्य समालोचना | (ii) | रमेशदुंतल मेघ |
| (c) | परम्परा का मूल्यांकन | (iii) | नामवर सिंह |
| (d) | आलोचक के मुख से | (iv) | डॉ. रामविलास शर्मा |
| | | (v) | डॉ. रसाल |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (v) |

**30.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | यह पथ बंधु था | (i) | देवेन्द्र सत्यार्थी |
| (b) | झरोखे | (ii) | नरेश मेहता |
| (c) | बह्मपुत्र | (iii) | भीष्म साहनी |
| (d) | आधा पुल | (iv) | वीरेन्द्र कुमार जैन |
| | | (v) | जगदीश चंद्र |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (v) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (v) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**31.** निम्नलिखित निबंधों को उनके निबंधकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कुटज | (i) | अज्ञेय |
| (b) | साहित्य का श्रेय और प्रेय | (ii) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (c) | आत्मनेपद | (iii) | जैनेन्द्र |
| (d) | जीप पर सवार इल्लिया | (iv) | शरद जोशी |
| | | (v) | विवेकी राय |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (v) |

**32.** निम्नलिखित नाट्य संस्थानों की स्थापना वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम हैं :

(A) पृथ्वी थियेटर्स, केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नया थियेटर

(B) नया थियेटर, केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, पृथ्वी थियेटर्स

(C) पृथ्वी थियेटर्स, केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी, नया थियेटर, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय

(D) पृथ्वी थियेटर्स, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी, नया थियेटर

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

33. निम्नलिखित कृतियों का प्रकाशन वर्ष के क्रमानुसार **सही** अनुक्रम हैं :

(A) हुजूर दरबार, लड़कियाँ, मीनारें, कुइयांजान

(B) कुइयांजान, लड़कियाँ, मीनारें, हुजुर दरबार

(C) लड़कियाँ, हुजुर दरबार, मीनारें, कुइयांजान

(D) हुजुर दरबार, मीनारें, लड़कियाँ, कुइयांजान

34. निम्नलिखित जीवनियों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, महाराज छत्रसाल, छत्रपति शिवाजी, ऐतिहासिक स्त्रियाँ

(B) ऐतिहासिक स्त्रियाँ, महाराज छत्रसाल, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, छत्रपति शिवाजी

(C) ऐतिहासिक स्त्रियाँ, महाराज छत्रसाल, छत्रपति शिवाजी, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई

(D) छत्रपति शिवाजी, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, ऐतिहासिक स्त्रियाँ, महाराज छत्रसाल

35. निम्नांकित महिला कथाकारों के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के क्रमानुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) कुइयांजान, आपका बंटी, पचपन खंभे, लाल दीवारें, मित्रो मरजानी

(B) आपका बंटी, कुइयांजान, मित्रो मरजानी, पचपन खंभे, लाल दीवारें

(C) पचपन खंभे, लाल दीवारें, मित्रो मरजानी, आपका बंटी, कुइयांजान

(D) मित्रो मरजानी, पचपन खंभे, लाल दीवारें, कुइयांजान, आपका बंटी

36. निम्नलिखित साहित्य सिद्धान्तों का कालक्रमानुसार **सही** अनुक्रम बताइए :

(A) रस सिद्धान्त, रीति सिद्धान्त, ध्वनि सिद्धान्त, अलंकार सिद्धान्त

(B) रस सिद्धान्त, अलंकार सिद्धान्त, रीति सिद्धान्त, ध्वनि सिद्धान्त

(C) अलंकार सिद्धान्त, रस सिद्धान्त, ध्वनि सिद्धान्त, रीति सिद्धान्त

(D) ध्वनि सिद्धान्त, रीति सिद्धान्त, रस सिद्धान्त, अलंकार सिद्धान्त

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

37. बिम्बवाद को प्रतिष्ठित करने वाले सिद्धान्तकारों का **सही** समूह कौन सा है ?

(A) बोदलेयर, टी.ई. हुल्ये, एजरा पाउन्ड, डी.एच. लारेन्स

(B) स्टीफेन मलार्मे,एजरा पाउन्ड, एफ.एस. फ्लिंट, बोदलेयर

(C) एडगर एलेन पो, टी.ई. हुल्ये, एजरा पाउन्ड, डी.एच. लारेन्स

(D) टी.ई. हुल्ये, एजरा पाउन्ड, डी.एच. लारेन्स, एफ.एस. फ्लिन्ट

38. निम्नलिखित काव्य शास्त्रीय ग्रंथों का कालक्रमानुसार **सही** अनुक्रम बताइए :

(A) काव्यालंकार सार संग्रह, काव्यालंकार सूत्रवृत्ति, काव्यादर्श, काव्यप्रकाश

(B) काव्यप्रकाश, काव्यालंकार सूत्रवृत्ति, काव्यादर्श, काव्यालंकार सार संग्रह

(C) काव्यादर्श, काव्यालंकार सार संग्रह, काव्यालंकार सूत्रवृत्ति, काव्यप्रकाश

(D) काव्यालंकार सूत्रवृत्ति, काव्यालंकार सार संग्रह, काव्यादर्श, काव्यप्रकाश

39. निम्नलिखित सिद्धान्तों को उनके सिद्धान्तकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रस सिद्धान्त | (i) | वामन |
| (b) | अलंकार सिद्धान्त | (ii) | क्षेमेन्द्र |
| (c) | औचित्य सिद्धान्त | (iii) | पंडितराज जगन्नाथ |
| (d) | ध्वनि सिद्धान्त | (iv) | दंडी |
| | | (v) | अभिनव गुप्त |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (v) | (iv) |
| (B) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (v) |

40. **स्थापना (Assertion) (A) :**

आचार्य रामचंद्र शुक्ल पहले आचार्य हैं जिन्होंने साधारणीकरण की प्रक्रिया पर मौलिक ढंग से विचार किया है।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि बिना साधारणीकरण की प्रक्रिया के रसानुभूति संभव नहीं है।

**कूट :**

(A) **(A)** गलत **(R)** सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

41. **स्थापना (Assertion) (A) :**

यदि भोजपुरी संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हो जाती है तो इससे हिन्दी और भी समृद्ध होगी।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि आठवीं अनुसूची में शामिल होने के बावजूद भोजपुरी, हिन्दी की एक बोली के रूप में अभिन्न अंग बनकर रहेगी।

**कूट :**

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

42. **स्थापना (Assertion) (A) :**

काव्य में अप्रस्तुत विधान कल्पना द्वारा ही संभव होता है।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि काव्य की पूर्ण अनुभूति के लिए कल्पना का व्यापार कवि के लिए अनिवार्य है।

**कूट :**

(A) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(C) **(A)** सही **(R)** गलत

(D) **(A)** गलत **(R)** सही

43. निम्नलिखित विचारकों को उनके सिद्धान्तों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कॉलरिज | (i) | द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद |
| (b) | वाल्टर पेटर | (ii) | कला कला के लिए |
| (c) | फ्रेडरिक एंगेल्स | (iii) | कल्पना |
| (d) | सैमुअल हटिंगटन | (iv) | एलियनेशन |
| | | (v) | सभ्यताओं का संघर्ष |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |
| (B) | (i) | (iii) | (v) | (ii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

44. निम्नलिखित ग्रंथों को उनके रचयिताओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रस सिद्धान्त | (i) | राम दहिन मिश्र |
| (b) | रस मीमांसा | (ii) | नगेन्द्र |
| (c) | भारतीय साहित्यशास्त्र | (iii) | रामचंद्र शुक्ल |
| (d) | साहित्य दर्पण | (iv) | विश्वनाथ |
| | | (v) | बलदेव उपाध्याय |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (v) | (iv) |
| (C) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

45. निम्नलिखित सिद्धान्तों को उनसे संबद्ध आलोचकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | स्वच्छंदतावाद | (i) | ल्योतार (Jean Francois Lyotar) |
| (b) | यथार्थवाद | (ii) | फ्लौबेयर (Gustave Flaubert) |
| (c) | संरचनावाद | (iii) | कॉलरिज (Coleridge) |
| (d) | उत्तर आधुनिकता | (iv) | सास्युर (Ferdinand de Saussure) |
| | | (v) | जॉक देरिदा (Jacques Derrida) |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (iv) | (i) |
| (B) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (i) | (v) | (iv) | (ii) |

**निर्देश** : निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50**) के दिये गये बहुविकल्पों में से **सही** विकल्प का चयन करें :

आलोचना का एक व्यापक और बृहत्तर सरोकार और दायित्व आज के बढ़ते सामाजिक-सांस्कृतिक खतरों को पहचान कर उन पर सही सार्थक बहस का माहौल पैदा करना और उसे रचना है। आलोचना साहित्यिक पाठ-मात्र को परिष्कृत और सूक्ष्म विधियों से अधिक उपभोग्य बनाने का उद्यम भर नहीं है, न ही पाठ का तुरत-फुरत में अर्थ-दोहन कर उसकी राजनीतिक भूमिका तय करने, उस पर मूल्य-निर्णय सुनाने की गतिविधि है। आलोचना साहित्यिक पाठ को पढ़ने की किसी एक पद्धति का नाम नहीं वह सांस्कृतिक-राजनीतिक की बृहत्तर कठिनतर कार्यवाही है। इस कार्यवाही में वह विभिन्न पद्धतियों का विवेकपूर्ण उपयोग कर सकती है, स्वयं को समृद्ध करने के लिए उसे करना भी चाहिए। आज साहित्य, समाज, संस्कृति इस तरह एक-दूसरे से गुंथे और संश्लिष्ट रूप से बहते चले जा रहे हैं कि एक साहित्यिक कृति की आलोचना लगभग समूची संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था की चुनौती बन जाती है। ..... क्योंकि सत्ता केवल कुछ राजनीतिक विचारधाराओं के रूप में ही अपने को व्यक्त नहीं कर रही है बल्कि अनेक सांस्कृतिक मूल्यों, जीवन-मूल्यों द्वारा साहित्य को और आलोचना कर्म को प्रभावित कर रही है। स्टेट आपरेटस आज जिस तरह धर्म, राजनीति आदि को अविश्वसनीय, विवादी, संदेहास्पद और व्यक्तिकेंद्री बनाते चले जा रहे हैं वहाँ आलोचना के सरोकार और चुनौतिपूर्ण हो जाते हैं। राजशक्ति का आज साहित्य और संस्कृति से क्या संबंध रह गया है? क्या राजशक्ति आलोचनात्मक स्पेस को लगातार खत्म करती जा रही है? यह सही है कि आलोचना के प्रतिरोध का स्वर अंततः साहित्यिक होगा पर उसका लक्ष्य सभ्यता की हर तरह की बर्बरता और दमन से बचाए रखने का है।

46. आलोचना का दायित्व क्या है?

(A) सामाजिक-सांस्कृतिक खतरों को पहचानना

(B) सामाजिक-सांस्कृतिक विघटन उत्पन्न करना

(C) सामाजिक-सांस्कृतिक स्थितियों की अवहेलन

(D) उपर्युक्त तीनों सही हैं

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

47. आलोचना को अपनी सांस्कृतिक–राजनीतिक कार्यवाही को समृद्ध करने के लिए क्या करना चाहिए ?

(A) चिंतन–मनन करना चाहिए

(B) विभिन्न पद्धतियों का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए

(C) अध्ययन करना चाहिए

(D) विचार करना चाहिए।

48. आलोचना के सरोकार चुनौतिपूर्ण क्यों हो रहे हैं ?

(A) स्टेट आपरेटस के प्रभाव के कारण

(B) मनुष्य की उदासीनता के कारण

(C) सामाजिक संकुचन के कारण

(D) अध्ययनहीनता के कारण

49. आलोचना का लक्ष्य क्या है ?

(A) आलोचक की प्रतिष्ठा

(B) कृति की प्रसिद्धी

(C) सभ्यता का संरक्षण

(D) सभ्यता का विरोध

50. आलोचना मुख्यत: किससे जुड़ी हुई है ?

(A) रचनाकार से

(B) समाज से

(C) संस्कृति से

(D) संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था से

-oOo-

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

उत्तर अंकित करने का समय : 1 घंटा 15 मिनिट
Time for marking answers : 1 Hour 15 Minutes

अधिकतम अंक : 10
Maximum Marks : 10

**नोट :**

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में 50 प्रश्न है – प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्नों के उत्तर, दी गई OMR उत्तर-शीट (आंसर-शीट) पर अंकित कीजिए।

3. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।

4. किसी भी तरह के कैलकुलेटर या लॉग टेबल एवं मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।

5. OMR उत्तर-शीट (आंसर-शीट) का प्रयोग करते समय ऐसी कोई असावधानी न करें/बरतें जिससे यह फट जाये य उसमें मोड़ या सिलवट आदि पड़ जाये जिसके फलस्वरूप वह खराब हो जाये।

**Note :**

1. This Question Booklet contains 50 questions. Each question carries 2 marks. Answer al questions.

2. Indicate your answers on the OMR Answer-Sheet provided.

3. No negative marking will be done.

4. Use of any type of calculator or log table and mobile phone is prohibited.

5. While using OMR Answer-Sheet care should be taken so that the Answer-Sheet does not get torn or spoiled due to folds and wrinkles.